-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 18.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना मटौंध पुलिस द्वारा क्षमता से अधिक पशुओं को ट्रक में लादकर क्रूरतापूर्वक तरीके से वध के लिए ले जा रहे 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- **19 भैंस व 13 पड़वों को जबलपुर मध्य प्रदेश से उन्नाव ले जा रहे थे अभियुक्त। चेकिंग के दौरान भूरागढ़ बाईपास के आगे महोबा रोड में पंडित जी ढाबा के पास से किया गया गिरफ्तार।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के क्रम में आज दिनांक 18.11.2024 को वाहन चेकिंग के दौरान थाना मटौंध पुलिस द्वारा क्षमता से अधिक पशुओं को ट्रक में लादकर क्रूरतापूर्वक तरीके से वध के लिए ले जा रहे 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों को भूरागढ़ बाईपास के आगे महोबा रोड में पंडित जी ढाबा के पास से गिरफ्तार किया गया है। ट्रक को 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया है। अभियुक्तों द्वारा बताया गया गाड़ी मालिक मो0 फरीद कुरैशी पुत्र नौशाद कुरैशी निवासी मंडी मदार टेकरी थाना हनुमान ताल जनपद जबलपुर मध्य प्रदेश का रहने वाला है। जिसने उपरोक्त जानवरों को लदवाकर जबलपुर से उन्नाव भिजवाने का काम हमें सौंपा था। गाड़ी मालिक मो0 फरीद कुरैशी पुत्र नौशाद कुरैशी तथा उपरोक्त सभी अभियुक्तों के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 180/2024 धारा 11(1) घ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 पंजिकृत किया गया।

बरामदगी-

- 19 भैंस व 13 पड़वा
- 01 ट्रक (आयशर कम्पनी) वाहन सं- MP20GB0340

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. लल्लू सोनकर पुत्र फग्गू सोनकर उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम भांग तलैया खेरमाई काली मंदिर के पीछे थाना हनुमान ताल जनपद जबलपुर मध्य प्रदेश
2. जिब्बू उर्फ कलीम पुत्र मो0 असगर उम्र 36 वर्ष निवासी मंडी मदार टेकरी थाना हनुमान ताल जनपद जबलपुर मध्य प्रदेश
3. पवन पुत्र कोदूलाल उम्र 28 वर्ष मोहल्ला भट्टा तालाब के पास पनागर थाना पनागर जनपद जबलपुर मध्य प्रदेश

नामजद अभियुक्त-

1. वाहन स्वामी मो0 फरीद कुरैशी पुत्र नौशाद कुरैशी निवासी मंडी मदार टेकरी थाना हनुमान ताल जनपद जबलपुर मध्य प्रदेश

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 180/24 धारा 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 थाना मटौन्ध

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1 प्रभारी निरीक्षक श्री सन्दीप कुमार सिंह
2 उ0नि0 प्रमोद कुमार त्रिपाठी
3 उ0नि0 सन्तोष कुमार सरोज
4 का0 अश्वनी कुमार
5 का0 अनूप कुमार
6 का0 नितेन्द्र कुमार